## कार्यालय,संचालक,अग्निशमन,आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ प्रशिक्षण केन्द्र परसदा (भरनी) बिलासपुर.

दूरभाष / फैक्स–07752–291664–ईमेलआई.डी firetrgbsp@gmail.com

### // विज्ञापन //

छ0ग0शासन,गृह विभाग के पत्र क्रमांक / एफ–13–21 / दो–गृह / न0से0 / दिनांक 22.06..2022 के तहत प्राप्त अनुमति एवं नगरसेना, एवं अग्निशमन ,आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय, छ0ग0रायपुर के आदेश क्रमांक / 544 / स्था0 / फा0 / 2023, रायपुर, दिनांक 19.05.2023. के तहत प्राप्त निर्देशानुसार तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए चतुर्थ श्रेणी के पदों में उदृत रिक्तियों पर भर्ती हेतु **नीचे दर्शित कार्यालय में वर्गवार निम्नानुसार रिक्त कुक पद हेतु ऐसे स्वयंसेवक नगरसैनिक जो छैः वर्ष की सेवाअवधि पूर्ण कर लिया हो, तथा छ0ग0 के मूल निवासी हों**, उनसे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र दिनांक 14.06.2023 दिन बुधवार को सायं 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय, कार्यालय,संचालक,अग्निशमन,आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ प्रशिक्षण केन्द्र परसदा (भरनी) बिलासपुर.(छ0ग0) में मय आवश्यक प्रमाण पत्रों ( छायाप्रति स्वयं से सत्यापित ) स्वीकार किए जाएंगे। **अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा।**

रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :–

टीप :– (01) निम्नानुसार सरल क्रमांक 01, 02, एवं 03 में उल्लेखित पदों हेतु विज्ञापन में केवल नगर सैनिकों के आवेदन पत्र स्वीकार (पात्र) होंगा !

| क्र. | जिला / कार्यालय जहां पद रिक्त है! | पदों की संख्या एवं पद का नाम. | पदों का विवरण. | वेतन लेबल | ST | SC | OBC | UR | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 |
| 01 | संचालक, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ प्रशिक्षण केन्द्र परसदा (भरनी) बिलासपुर (छ.ग.) | 02 पद कुक | मुक्त | 04 | 01 | - | - | 01 | 02 |
| 02 | संचालक, आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ प्रशिक्षण केन्द्र परसदा (भरनी) बिलासपुर (छ.ग.) (एसडीआरएफ हेतु पद) | 01 पद कुक | मुक्त | 04 | – | - | - | 01 | 01 |
| 03 | एसडीआरएफ बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.) | 01 पद कुक | मुक्त | 04 | - | - | - | 01 | 01 |

**(01) शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताएं** :–

01– उपरोक्त पद हेतु सामान्य,अनु0जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जनजाति के लिए कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। उपरोक्त स.क्रं. 01 ,02, एवं 03 पद पर केवल स्वयंसेवी नगरसैनिक जिनकी 06 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण हो चुकी है एवं जो वर्तमान में रोल पर है. ऐसे ही अभ्यर्थी उक्त पद हेतु आवेदन पत्र स्वीकार्य होंगे।

**(02) शारीरिक दक्षता** :–

(क) ऊंचाई 162 से.मी. या उससे अधिक ( सामान्य संवर्ग, अनुसूचित जाति, एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए ) 153 से.मी. या उससे अधिक अनुसूचित जनजाति संवर्ग के पुरूष / महिला अभ्यर्थियों के लिए तथा 158 से.मी. सवंर्ग के शेष महिला अभ्यर्थियों के लिए!

(ख) सीना – बिना फुलाएं 81 से.मी. एवं फुलाने पर 86 सेमी.( अनु0ज0जा0 संवर्ग को छोड़कर ) **अनु0जन जाति अभ्यर्थियों के लिए बिना फुलाए 76 से.मी. एवं फुलाने पर 81 सेमी.** सभी संवर्ग के अभ्यर्थियों को 5 से.मी. सीना फुलाना अनिवार्य है। महिला अभ्यर्थियों को इस शारीरिक अर्हता से छूट होगी।

(ग) अभ्यर्थियों को दृष्टि संबंधी कोई रोग होना नहीं चाहिए, दृष्टि बिना चश्मे के एक आंख की 6/9 तथा दूसरी आंख की 6/12 से कम नहीं होना चाहिए।

(घ) अभ्यर्थी शारीरिक रूप से कमजोर नहीं होना चाहिए।

**(03) भर्ती तरीका –**

01– लिखित परीक्षा– 100 अंक!

टीप – संयुक्त रूप से लिखित परीक्षा ली जावेगी! कुल 100 अंको के आधार पर वरीयता सूची ( मेरिट लिस्ट ) तैयार की जावेगी। तथा वरीयता क्रमानुसार नियुक्ति दी जावेगी।

**(04) नियम एवं शर्तें :–**

**(क) उपरोक्त स.क्र. 01, 02, एवं 03 के पद पर केवल स्वयंसेवी नगरसैनिक की ही भर्ती होगी। जिनकी सेवा अवधि छैः वर्ष पूर्ण हो चुकी है एवं वर्तमान में रोल पर है।**

**(05) आयु सीमा में छूट –**

(क) आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 24 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। शासन द्वारा समय–समय पर आयु सीमा में दी गई छूट का प्रावधान होगा।

(ख) विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला उम्मीद्वारों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। छ0ग0सिविल सेवा ( महिलाओं हेतु )नियम 1997 के नियम 4 अनुसार अधिकतम आयु में 10 वर्ष की छूट दी जावेगी। साथ में प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

(06) अभ्यर्थी का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन 31.05.2023 की स्थिति में जीवित रहना अनिवार्य है। आवेदक रोजगार कार्यालय के जीवित पंजीयन क्रमांक का उल्लेख अवश्य करें।

(07). कोई भी उम्मीद्वार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो तो उपरोक्त पद पर नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।

(08) कोई भी अभ्यर्थी जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। किन्तु जिसकी पहले से एक सें अधिक जीवित संतान तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 या उसके पश्चात हो जिससे दो या दो से अधिक जुड़वा संतान का जन्म होता है किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। साथ ही छ0ग0सिविल सेवा ( सेवा की सामान्य शर्तें ) नियम 1961 में नियुक्ति के लिए अनर्हताएं भी लागू होगी।

(09) वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूचियों की स्वयं सत्यापित छायाप्रति सहित उम्मीदवार को आवेदन दिनांक 13.06.2023 को सायं 5.30 बजे तक अथवा उसके पूर्व स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा उपरोक्त पद हेतु कार्यालय, संचालक, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ प्रशिक्षण केन्द्र परसदा (भरनी) बिलासपुर में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए! विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(10) इस विज्ञापन के जारी होने के पूर्व प्रस्तुत आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जावेंगे।

(11) प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को 05 रूपये का डाक टिकट लगा एक खाली लिफाफा **(10x4) अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। अन्यथा आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा।**

(12) **उम्मीदवार को जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ** संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। नियुक्ति होने पर एक माह के भीतर छानबीन समिति द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(13) उम्मीद्वार को अपनी आयु सत्यापन हेतु हाई स्कूल प्रमाण पत्र/अंकसूची की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ लगाना अनिवार्य है।

(14) अपूर्ण अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे।

(15) अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं से सत्यापित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो चिपकाएं आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर अनिवार्य है। साथ ही एक अतिरिक्त अभि प्रमाणित फोटो भी संलग्न करें।

(16) उम्मीदवार के द्वारा लिफाफों में आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखना होगा।

(15) अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं से सत्यापित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो चिपकाएं आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर अनिवार्य है। साथ ही एक अतिरिक्त अभि प्रमाणित फोटो भी संलग्न करें।

(16) उम्मीद्वार के द्वारा लिफाफों में आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखना होगा।

(17) पात्र उम्मीद्वार को कौशल परीक्षण के आधार पर चयन किया जावेगा।

(18) उपरोक्तानुसार विज्ञप्ति पद की संख्या परिवर्तनीय होगी जिसे बढ़ाया/कम किया जा सकता है और निरस्त किया जा सकता है।

(19) शासन से भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या निर्देश जारी किया जाता है तो इस विज्ञप्ति में भी लागू होगा।

(20) भर्ती प्रकिया के दौरान किसी भी विवाद एवं समस्या पर निर्णय लेने का अंतिम अधिकारी नियुक्तकर्ता प्राधिकारी को होगा।

(21) अभ्यर्थी को किसी प्रकार के यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(22) चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी। साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

(23) प्रतीक्षा सूची जारी दिनांक से एक वर्ष के लिए वैध होगी।

**(24) नियुक्ति हेतु चयन विधि** –

(क) सेवा में भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षा ऐसे अंतरालों से ली जावेगी जैसे कि नियुक्ति प्राधिकारी सरकार के परामर्श से अवधारित करें।

(ख) नवनियुक्त कर्मचारी को पेंशन की नियमानुसार पात्रता होगी।

(ग) उक्त परीवीक्षा अवधि के दौरान उन्हें पुनरीक्षित वेतन लेबल 04 के **न्यनूतम वेतन का प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत या स्टायपेण्ड एवं शासन द्वारा देय अन्य भत्ते नियमानुसार देय होंगे।** परीवीक्षा अवधि के दौरान विभाग द्वारा निहित परीक्षण प्राप्त करना होगा। परीवीक्षा अवधि पूर्ण उपरान्त न्यूनतम मूल वेतन तथा नियमितीकरण उपरान्त नियमानुसार वेतन वृद्धि की पात्रता होगी।

(घ) चयनित पद पर उपस्थिति पूर्व मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा तथा मेडिकली फिट होने पर ही उपस्थिति मान्य होगी। अनफिट पाये जाने पर यह आदेश स्वमेव निरस्त माना जायेगा।

**प्रायोगिक परीक्षा ( दक्षता/कौशल परीक्षा )** –

(क) प्रायोगिक परीक्षा (दक्षता/कौशल परीक्षा/कुक ट्रेड टेस्ट) में उत्तीर्ण पाए जाने वाले उम्मीद्वार को ही चयन सूची में सम्मिलित किया जायेगा।

(ख) प्रायोगिक परीक्षा (दक्षता/कौशल/कुक ट्रेड टेस्ट) के लिए बुलाये गए अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच कार्य संबंधित कार्यालय द्वारा कराया जायेगा। प्रमाण पत्र त्रुटिपूर्ण पाये जाने उम्मीद्वारों को परीक्षा परिणाम/चयन निरस्त किया जावेगा।

(ग) **उपरोक्त पते पर जारी विज्ञापन में समस्त प्रतियोगी परीक्षा जैसे–शारीरिक मापदण्ड, संयुक्त रूप से लिखित परीक्षा (दक्षता/कौशल परीक्षा/कुक ट्रेड टेस्ट) चयन समिति द्वारा आवेदन पत्र जिसमें पात्र अभ्यर्थी हों उनका एक साथ लिया जावेगा जिसमें अभ्यर्थी के समस्त अर्हताएं एवं मेरिट सूची एक साथ अलग–अलग वर्गवार प्रकाशन किया जावेगा तथा अंतिम चयन सूची का प्रकाशन होगा। अतः एक ही आवेदन पत्र संचालक, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ प्रशिक्षण केन्द्र परसदा (भरनी) बिलासपुर (छ0ग0) के पते पर प्राप्त आवेदन पत्र ही स्वीकार होगा।**

टीप :– यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रायोगिक/लिखित परीक्षा (दक्षता/कौशल/कुक ट्रेड टेस्ट) में अनुपस्थित रहने वाले उम्मीद्वारों का चयन के लिए अनर्ह माना जावेगा।

23.05.25

(एस0के0ठाकुर)
संचालक,
अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं
तथा प्रशिक्षण केन्द्र परसदा(भरनी)
बिलासपुर (छ0ग0)

## // आवेदन पत्र का नमूना //

प्रति,

संचालक,
अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं
तथा एस0डी0आर0एफ0प्रशिक्षण केन्द्र,
परसदा (भरनी) बिलासपुर (छ0ग0)

| आवेदक को नवीनितम पासपोर्ट साईज फोटो जो स्वयं सत्यापित कर चस्पा करें। |
|---|

नोट– (01) कुक पद हेतु आवेदन पत्र संयुक्त रूप से एक आवेदन पत्र प्रस्तुत करेंगे।

पद का नाम –.....................................................................................

01– आवेदक का पूरा नाम ( हिन्दी में )............................................................................
अंग्रेजी में ( केपिटल लेटर में )...................................................................................

02– लिंग पुरूष / महिला ...................................................................................

03– पिता / पति का नाम...................................................................................

04– वर्तमान ?डाक का पता जिस पर पत्र व्यवहार किया जावेगा.......................................................
.........................................................................................................................
.........................................................................................................................

05– स्थाई पता –..................................................................................
.........................................................................................................................
.........................................................................................................................

06– जन्मतिथि ( शैक्षणिक शैक्षणिक प्रमाण पत्र में दर्ज अनुसार) ..................................................
वर्ष................. माह..................... दिन..........................

07– दिनांक 01.01.2023 को आयु वर्ष....................माह...................... दिन..........................

08– जन्मस्थान – ग्राम / नगर...........................................................................
तह0...................................जिला........................................राज्य............................
पिनकोड..................................फोन / मो0नंबर..................................................

09– रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कमांक...............................................दिनांक ..................................
**( प्रमाण पत्र संलग्न करें)**

10– **स्वयंसेवक नगरसैनिक पद की सेवा अवधि** ................................वर्ष.........................माह...................दिन.................

टीप– **( अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र के साथ संलग्न किए जाने वाला अनुभव प्रमाण पत्र विज्ञापन जारी होने दिनांक से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र ही मान्य होगा)**

11– क्या आप विवाहित हैं / यदि विवाहित हैं तो विवाह
तिथि पूर्व विवाह के समय आयु ...........................................................................

12– जीवित संतानों की संख्या / बच्चों का नाम / लिंग
जन्मतिथि सहित! ...........................................................................

.13– क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थानों/न्यायालयों में लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है यदि हॉ तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण कमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।..............................................................................................................................

14– जाति का विवरण जो लागू हो कृपया (/) का निशान लगाएं :–

| अनु0ज0जा0 | अनु0जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | सामान्य वर्ग |
|---|---|---|---|
| | | | |

**( सक्षम अधिकारी द्वारा स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें )**

15– शैक्षणिक योग्यता :–

| कमांक | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड/विद्यालय का नाम | विषय. | प्राप्त अंको का प्रतिशत | श्रेणी. |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**( प्रमाण पत्र संलग्न करें )**

16– क्या आवेदक छ0ग0 का मूल स्थायी निवासी है (हॉ/नहीं ) यदि हां है तो प्रमाण पत्र संलग्न करें।
संलग्न – स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची विवरण सहित :–

01.......................................................................................................
02.......................................................................................................
03.......................................................................................................
04.......................................................................................................
05.......................................................................................................

**// घोषणा पत्र //**

**मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैनें विज्ञापन में दर्शित पात्रता–शर्तों को ध्यान से पढ़** लिया हूँ! जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है इस आवेदन पत्र में दी गई प्रविष्टियां सत्य पूरी और सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है तो मेरा आवेदन निरस्त किया जावेगा। परीक्षा उत्तीर्ण एवं चयन के उपरान्त भी मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी। जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा।

मूल दस्तावेज प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किए जाएंगे।

स्थान :.....................................
दिनांक..................................

आवेदक के हस्ताक्षर

आप सभी का स्वागत है आप के अपने " **CGNAUKRI.IN** " पर इस वेबसाइट के द्वारा आप छत्तीसगढ़ में जारी होने वाले रोजगार संबंधी विज्ञापनों की पूरी और सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ।




अगर आपको हमारा साथ अच्छा लगे तो आप हमारे व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ सकते है ग्रुप का लिंक नीचे है |

## Whats App Group Join Link

**Join WhatsApp -** **CLICK HERE**

**Join Telegram -** **CLICK HERE**